

# स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रभारी मंत्री करेंगे ध्वजारोहण



**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 13अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह 15 अगस्त को वीर सावरकर स्टेडियम में आयोजित होगा। मुख्य अतिथि नवकरणीय ऊर्जा मंत्री और श्योपुर जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला सुबह 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे।इसके बाद वे स्वतंत्रता दिवस परेड मार्च पास्ट का निरीक्षण करेंगे।

मुख्य समारोह की तैयारियों को लेकर बुधवार को फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल आयोजित हुई। कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा, पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने परेड, ध्वजारोहण, सलामी, मुख्य अतिथि के स्वागत, उद्बोधन और पुरस्कार वितरण तक की सभी गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों को तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। समारोह के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का

## सीएम मोहन यादव का संदेश होगा लाइव

प्रदेशवासियों के नाम संदेश बड़े एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लाइव प्रसारित किया जाएगा। समारोह के अंत में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया, एसडीएम गगन मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, बीएस श्रीवास्तव, एसडीओपी राजीव गुप्ता, सीएमओ राधेरमण यादव, तहसीलदार मनीषा मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।स्वतंत्रता दिवस के दिन मुख्य अतिथि राकेश शुक्ला ग्राम रायपुरा स्थित शासकीय हाईस्कूल में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में भी शामिल होंगे और स्कूली बच्चों के साथ बैठकर भोजन करेंगे।

## भाजपा की तिरंगा यात्रा आज

**श्योपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज गुरूवार को शाम 04 बजे श्रीराम धर्मशाला से विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन शहरभर में किया जायेगा जिसमें हाथो में तिरंगा लेकर भाजपा कार्यकर्ता एवं शहरवासी आमजन को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित करेंगे साथ ही स्वतंत्रता का उत्सव मनायेंगे। इसके पूर्व एक संगोष्ठी का आयोजन श्रीराम धर्मशाला में रखा गया है जिसमें भाजपा के संभागीय प्रभारी विजय दुबे विभाजन की विभीषिका विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में उद्बोधन प्रस्तुत करेंगे। यह भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने बताया कि स्वाधीनता पर्व 15 अगस्त के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता का महापर्व मनाया जा रहा है, इसके अंतर्गत आज गुरूवार को शाम 04 बजे विभाजन की विभीषिका विषय पर विशाल संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा, जिसमें संभागीय प्रभारी विजय दुबे मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे, इसके पश्चात एक तिरंगा यात्रा श्रीराम धर्मशाला से प्रारम्भ होगी जो गोलम्बर, मैन बाजार, टोडी बाजार, पुल दरवाजा, बडौदा रोड, पाली रोड होते हुए वापस श्रीराम धर्मशाला पर आकर पूर्ण होगी।

# हजारेश्वर मेले से मोबाइल चोर गिरफ्तार, मोबाइल फोन बरामद



## पांच अपराधों में पहले से आरोपी

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर ,13अगस्त।** श्योपुर के हजारेश्वर मेला ग्राउंड में भीड़ का फायदा उठाकर पांच मोबाइल चोरी करने वाले कुख्यात चोर बलराम माहौर को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से तीन चोरी के मोबाइल बरामद किए हैं, जिनकी कीमत करीब 50 हजार रुपए है। आरोपी के खिलाफ पहले से ही चोरी और एनडीपीएस एक्ट जैसे गंभीर मामलों सहित पांच केस दर्ज हैं।

यह मामला 29 मई का है, जब ग्वालियर के घाटनपुर गांव के राजेश नट ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि मेले के दौरान उनकी दुकान से पांच मोबाइल चोरी हो गए थे। पुलिस की जांच में सामने आया कि श्योपुर के छीपा मोहल्ला निवासी बलराम माहौर ने ही इस वारदात को अंजाम दिया था। एसपी वीरेंद्र जैन के मार्गदर्शन में टीआई सतीश सिंह चौहान के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम ने मुखबिरों की मदद से और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को पकड़ा। पुलिस ने बताया कि बलराम माहौर एक पुराना अपराधी है जो श्योपुर जिले में लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम देता रहा है। पुलिस ने बरामद किए गए मोबाइलों के साथ आरोपी को कोर्ट में पेश किया है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने कहा कि इस बार आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रक्तदान करने से शरीर को कई लाभ होते हैं : उपाध्याय

## स्व. कन्हैयालाल एवं मंजू गोयनर की स्मृति में जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 13 अगस्त।** समाजसेवी स्व.कन्हैया लाल एवं उनकी धर्मपत्नी स्व. मंजू गोयनर की द्वितीय स्मृति में उनके परिजनों द्वारा बुधवार को जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 21 रक्तदानदाताओं ने स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया। इस दौरान एडीएम रूपेश उपाध्याय विशेष उपस्थित रहे। मुख्यअतिथि द्वारा स्व. कन्हैयालाल व मंजू गोयनर के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। शिविर को संबोधित करते हुए श्री उपाध्याय ने कहा कि, रक्तदान करने से शरीर में कोई कमी नहीं होती है। शिविर में रक्तदान करने वालो रक्तदानदाओं को मुख्यअतिथि एडीएम रूपेश उपाध्याय, सिविल सर्जन डा. आरबी गोयल, पुष्पाश्री फाउंडेशन के अरूण ओसवाल, स्व. मुकेश गुप्ता स्मृति सेवा न्यास के महावीर गुप्ता, अग्रवाल समाज अध्यक्ष मनोज गुप्ता, महामंत्री केके गर्ग द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। इस दौरान रक्तदानदाता व संस्था से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे।




### 21 लोगों ने किया रक्तदान

स्व. कन्हैया मंजू स्मृति सेवा न्यास के बेनर तले सुबह 9 बजे से रक्तदान शिविर शुरू किया गया। शिविर में शुरूआत से रक्तदान के लिए रक्तदानदाताओं को लाइन लग गई। दोपहर 2:20 बजे तक रक्तदान शिविर चला। जिसमें 21 लोगों ने शिविर में रक्तदान किया जब 5 लोगों ने आगे रक्तदान करने के लिए संकल्प पत्र भी भरें। शिविर में उनके तीनों पुत्र दीपक अग्रवाल, कमल अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल एवं पोत्र रक्षित अग्रवाल ने भी रक्तदान कर उन्हें श्रद्धांजंलि दी।

# विजयपुर में ब्रह्माकुमारी ने पूर्व मंत्रियों व व्यापारियों को बांधा रक्षा सूत्र



**नवभारत न्यूज**

**विजयपुर, 13 अगस्त।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में विजयपुर में रक्षाबंधन का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और आध्यात्मिक रीति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी शशि बहन, प्रभारी ब्रह्माकुमारी विजयपुर ने बताया कि यह पर्व राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से सेवा करने वाले जनप्रतिनिधियों और समाज के विशिष्ट व्यक्तियों को रक्षा सूत्र बांधकर मनाया जाता है। इसी क्रम में पूर्व कैबिनेट वन्य एवं पर्यावरण मंत्री रामनिवास रावत और पूर्व विधायक विजयपुर बाबूलाल मेवरा के परिवार के साथ रक्षाबंधन का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान अतुल मेवरा (एडवोकेट, ग्वालियर हाई कोर्ट) और निशांत मेवरा भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, ब्रह्माकुमारी शशि बहन ने विजयपुर के प्रमुख व्यापारियों और उद्यमियों, जिनमें गिरिराज गर्ग, भारत लाल गर्ग, प्रवीण मित्तल, रवि बंसल, हरिओम मित्तल, दिनेश खैरानी, जोगेंद्र बंसल और प्रफुल्ल बंसल शामिल थे जिनको रक्षा सूत्र बांधकर ईश्वरीय संदेश दिया।

### विजयपुर में एसडीएम के नेतृत्व में बाइक रैली का आयोजन



कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विजयपुर अनुभाग मुख्यालय पर एसडीएम श्री अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में भव्य एवं विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। एसडीएम अभिषेक मिश्रा ने स्वयं बाइक चलाते हुए तिरंगा रैली का नेतृत्व किया। रैली में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक शामिल हुए, रैली एसडीएम कार्यालय से शुरू हुई तथा नगर के मुख्य मार्गो से होकर निकली।

## वोट चोर-गद्दी छोड़ के नारे के साथ आज कांग्रेस का केंडल मार्च

**श्योपुर।** भाजपा राज में चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं पर वोटर वेरीफिकेशन और चुनाव में वोट चोरी के मामले को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला मुख्यालयों पर 14 अगस्त गुरुवार को देर शाम 7 बजे वोट चोर – गद्दी छोड़ नारे के साथ जिला कांग्रेस कमेटी अम्बेडकर पार्क से गांधी पार्क तक केंडल लाइट मार्च निकालेगी। यह जानकारी आज प्रेस विज्ञप्ति में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अतुल चौहान ने आमजन ओर विद्यार्थियों सहित कांग्रेस जनों से केंडल मार्च में पहुंचने का आव्हान किया है।

# हर घर तिरंगा की थीम के रंग में रंगा शहर, तिरंगा थामकर निकली तिरंगा यात्रा




**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 13अगस्त।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्वाधीनता दिवस के पूर्व शहर में बुधवार को दोपहर 12 बजे भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन उमंग और उत्साह के साथ किया गया। गांधी पार्क पर आजादी के तरानो और देशभक्तिपूर्ण, जोशीले उद्घोषो के साथ शुरू हुई इस तिरंगा यात्रा में पूरा शहर देशभक्ति के रंग में सरोबर नजर आया। हजारो हाथ तिरंगा लिये जोश और जज्बे के साथ सडकों पर निकले। हर धर्म, हर समाज के लोगो ने तिरंगा यात्रा में बढ-चढकर हिस्सा लिया। शहर के विभिन्न स्थानो पर तिरंगा रैली के दौरान आजादी के तरानो के बीच, राष्ट्रप्रेम की भावनाओ से ओतप्रोत, आजादी के वीर शहीदो के बलिदान को याद करते हुए देशभक्ति के जयघोषो से पूरा वातावरण गुजांयमान हो उठा।

इस अवसर पर कलेक्टर अर्पित वर्मा, जिपं अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, नपाध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग, भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक बृजराज सिंह चैहान एवं दुर्गालाल विजय, महावीर सिंह सिसौदिया, कैलाश नारायण गुप्ता, अशोक गर्ग, सुरेन्द्र जाट, नीरज जाट, संजय महाना, सरोज तोमर, गिरधारी बैरवा, दिनेश दुबोलिया, अकरम खान, सुजीत गर्ग, पार्षदगण सहित अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एडी.एसपी प्रवीण भूरिया, एसडीएम श्योपुर गगन मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, बीएस श्रीवास्तव, एसडीओपी राजीव गुप्ता, डीईओ ट्राइबल राकेश गुप्ता, डीपीओ महेन्द्र कुमार अम्ब, तहसीलदार मनीषा मिश्रा, आरआई अखिलेश शर्मा, यातायात टीआई संजय राजपूत सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी, कर्मचारी, स्कूल एवं छात्रावासों के विद्यार्थी तथा स्काउट गाइड दल, फॉरेस्ट बल के जवान तथा बडी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## नपाध्यक्ष ने दिलाई शपथ

गांधी पार्क से शुरू हुई तिरंगा यात्रा मैन चैराहा, टोडी गणेश बाजार, पुल दरवाजा, बडौदा रोड, पटेल चैक तथा जयस्तभ होते हुए पुनः गांधी पार्क पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग द्वारा स्वतंत्रता का उत्सव-स्वच्छता के संग थीम पर उपस्थित नगरवासियों को सप्ताह में दो घंटे और साल में 100 घंटे स्वच्छता श्रमदान के लिए स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों तथा नागरिकों द्वारा मेरा तिरंगा-मेरी शाम अभियान के तहत नगरपालिका द्वारा बनाई गई सिग्नेचर वॉल पर हस्ताक्षर किये गये।



# जिले भर में निकली तिरंगा यात्राएं



**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 13 अगस्त।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दतिया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दतिया सूरज कुमार वर्मा द्वारा थाना चिरूला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तगा में शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में विद्यार्थी हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रभक्ति के गीत व नारे लगाते हुए निकले, जिससे पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया।इसी प्रकार जिले के अन्य थाना क्षेत्रोंकृसेवढा, इंदरगढ़, लांच, सरसई, धीरपुरा एवं बसई में भी तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। सेवढा में एसडीओपी अजय चानना ने यात्रा में सहभागिता कर उपस्थित नागरिकों को हर घर तिरंगाअभियान का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की कि वे हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय भागीदारी करें, अपने घरों पर तिरंगा फ्हराएं और देश की स्वतंत्रता एवं अखंडता के प्रति गर्व की भावना को सदैव बनाए रखें।

### सरस्वती शिशु मंदिर ने निकाली तिरंगा यात्रा

दतिया। राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की अलख जगाने के उद्देश्य से सरस्वती शिशु विद्या उच्चतर माध्यमिक मंदिर भांडेर द्वारा नगर में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में विद्यालय के 700 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में लहराते तिरंगे में देशभक्तिपूर्ण स्वरूप ने नगरवासियों का मन मोह लिया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ मंगलवार सुबह 10 बजे मेला मैदान स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर से हुआ।

# संस्कृत भारतीय संस्कृति की जीवन शक्ति -प्राचार्य



**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 13अगस्त।** परशुराम कल्याण बोर्ड मध्य प्रदेश शासन द्वारा आयोजित संस्कृत सप्ताह समापन महोत्सव का आयोजन शासकीय महाविद्यालय दतिया में सुनील शर्मा जिला प्रभारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती जय श्री त्रिवेदी प्राचार्या शासकीय महाविद्यालय दतिया कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ कौशिक , सेवानिवृत्त कैनाल डिप्टी कलेक्टर सिचाई विभाग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफ्ल संचालन डॉ. संजय श्रीवास्तव द्वारा किया गया। अध्यक्षता सुनील शर्मा द्वारा की गई। संस्कृत सप्ताह महोत्सव में संस्कृत भाषा पर प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि ने कहा संस्कृत केवल भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की जीवन शक्ति है। यह देवों की भाषा है एवं समस्त भाषाओं की जननी है। इसमें निहित ज्ञान विज्ञान दर्शन और साहित्य सदियों से मानवता का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

उन्होंने छात्रों को बताया कि संस्कृत के अध्ययन से न केवल संस्कृत में समझ गहरी होती है बल्कि रोजगार और छात्रवृत्ति के अवसर भी उपलब्ध होते हैं। कार्यक्रम में 21 प्रतिभाशाली छात्रों को प्रमाण-पत्र एवं मैडल परशुराम कल्याण बोर्ड दतिया द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. श्री शिव सिंह जी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से, अरुण सिद्ध गुरु, आदेश पाठक, मनीष शर्मा, आशीष शर्मा, श्रीमती पूजा शर्मा, ऋषि दुबे, मुकेश व्यास, अंजनी सिरोठीया, शिवम तिवारी, बृजेश समदिया, संजीव श्रीवास्तव तथा सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

### दसवीं उत्तीण विद्यार्थियों के लिए डिप्लोमा में प्रवेश की अंतिम तिथि आज

**दतिया ।** प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय दतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय दतिया में संस्था स्तर पर काउंसलिंग के जरिए दसवी उत्तीण छात्र-छात्राओं के लिए 3 वर्षीय डिप्लोमा इंजीनियरिंग कोर्स के पंजीयन चल रहे है। कॉलेज में इलैक्ट्रोनिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (केवजल ईडब्लूएस सीट) में सीएलसी राउंड के अंतर्गत रिक्त सीटों पर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जा रहा है। जिन छात्रों ने दो वर्षीय आईटीआई या 12वीं कक्षा भौतिकी गणित व रसायन के विषय से उत्तीण की है उन्हें लैटरल एंट्री के आधार पर सीधे द्धितीय वर्ष में प्रवेश दिए जायेगा।



# विधायक के खिलाफ प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 13अगस्त।** दतिया के कांग्रेस विधायक राजेन्द्र भारती पर सोशल मीडिया के माध्यम से पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा की छवि धूमिल करने और महिला वर्ग का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने बुधवार को भांडेर के पटेल चौराहा पर एवं उनाव में चौराहे पर मण्डल अध्यक्ष दिनेश शर्मा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया एवं भाण्डेर में आवेदन देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि विधायक राजेन्द्र भारती ने अनीता लोहिया नामक महिला की फेसबुक आईडी से की गई एक पोस्ट को अपनी फेसबुक आईडी से टैग किया। उक्त पोस्ट में पूर्व गृह मंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक और भामक बातें लिखी गई थीं।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही कार्रवाई नहीं की गई, तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करने क बाध्य होंगे। इस अवसर पर पुतला दहन करने वालों में गोविंद भैया परिहार, विनोद कुशवाहा, संघमित्रा गौतम, अतर सिंह पटेल, महेंद्र चौहान, नीरज यादव, सुमन आदिवासी, अनीता अहिरवार, नेहा परिहार, अटल यादव, मुकेश शर्मा, मयंक यादव, महीप सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे ।

# 8 शिक्षकों का एक दिवस का वेतन राजसात

## दो शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 13 अगस्त।** पदेन अपर संचालक लोक शिक्षा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया श्री अक्षय कुमार तेम्रवाल द्वारा 14 जुलाई 2025 को विभिन्न विधालयों का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान शिक्षक बिना सूचना के अनुपसिथत एवं समय पर उपस्थित नहीं होने के कारण नोटिस जारी किये गए थे। संबंधित शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण का परीक्षण कर पाया गया कि उनके द्वारा पदीय निर्वहन में उदासीन एवं लापरवाही, कर्तव्यविमुख आचारण किया जाना स्पष्ट है।

तेम्रवाल द्वारा म.प्र. सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 16 (क) सहपठित नियम 10 (4) के तहत् कार्यवाही करते हुए श्रीमती प्रतिभा रावत प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक विधालय गंधारी, प्रदीप कुमार गुबरेले सहायक शिखक शा. प्र. वि. गंधारी, अरविन्द कुमार लकडा प्रधानाध्यापक शा.मा.वि. सिजौरा, पूनम सोनी प्राथमिक शिक्षक शा.प्रा.वि. खिरिया साहब, शान्ता राजपूत प्राथमिक शिक्षक शा.प्रा.वि. काशीपुर, अजय सिंह धाकक माध्यमिक षिक्षक शा.मा.वि. अहरौनी, उपासना प्राथमिक शिक्षक शा.प्रा.वि. देवरा और रागनी गुप्ता प्राथमिक शिक्षक शा.मा.वि. कुदारी का एक-एक दिवस का वेतन राजसात करते हुए चेतावनी आदेश जारी किए है। इसी प्रकार 2 अगस्त को शा.प्रा.वि. बिड़ौरा का जनशिक्षक द्वारा निरीक्षण करने पर विधालय बंद पाये जाने के कारण श्री तेम्रवाल द्वारा सुनील धाकड प्राथमिक शिक्षक शा.प्रा.वि. बिडौरा, रामू धौलपुरिया प्राथमिक शिक्षक शा.प्र.वि. बिड़ौरा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है।

# रेत से भरी पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 13अगस्त।** जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखडे के निर्देशन में सतत् कार्यवाही जारी है। इसीक्रम में आज 13 अगस्त को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व संतोष तिवारी, प्रभारी खनि अधिकारी श्री प्रदीप भूरिया द्वारा पुलिस बल के साथ सामूहिक कार्यवाही करते हुए बस स्टैण्ड वायपास क्षेत्र से 5 रेत से भरी और 1 डस्ट से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त कर थाना कोतवाली में रखवाया गया। उक्त वाहनों पर म.प्र. खनिज नियमानुसार अर्थदण्ड़ की कार्यवाही प्रस्तावित कर कलेक्टर न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किये जायेंगे। जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्ड़ारण पर इसी प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### ट्रेक्टर ने मारी बाइक में टक्कर

**श्योपुर।** जिले के देहात थना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जलालपुरा में मंगलवार की दोपहर 3 बजे एक ट्रेक्टर चालक ने तेजी व लापरवाही से ट्रेक्टर चलाते हुए फरियादी की कार में टक्कर मार दी जिसमें कार सवार युवक घायल हो गया। पुलिस ने मामले में आरोपी ट्रेक्टर चालक के खिलाफ बुधवार को सुबह 09 बजे केस दर्ज कर लिया है।



## कांग्रेस ने चुनाव आयोग का पुतला फूंका

**दतिया ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर क़िला चौक पर केन्द्र सरकार सहित भारत निर्वाचन आयोग का पुतला दहन किया गया तथा मोदी सरकार,भारत निर्वाचन आयोग मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। दतिया जिला कांग्रेस पार्टी ने किला चौक पर प्रधानमंत्री मोदी एवं निर्वाचन आयुक्त का पुतला दहन किया। पुलिस ने हुई छीना झपटी। पुलिस ने अपनी शक्ति प्रदर्शन किया। किला चौक पर दतिया विधायक राजेन्द्र भारती,कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामकिंकर गुर्जर, पूर्व मंत्री दर्जा प्राप्त अवधेश नायक, संगठन मंत्री सुरेश झा, खुमान वैचेन,दीपक बेलपत्री, सेवादल जिलाध्यक्ष मोहन कुशवाहा, डॉ राकेश खरे,अनिल राज श्रीवास्तव, अभिषेक तिवारी, अमन सिंह यादव, जिला मीडिया प्रभारी अशोक श्रीवास्तव, शिशुपाल सिंह यादव, रेखा अहिरवार, मंजू गोतम, आदि बहुत से कांग्रेस जन उपस्थित थे।